## महत्वपूर्ण एवं खास

### 7 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) प्रशिक्षण 24 से 30 दिसम्बर तक

**रायगढ़ ।** मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना वर्ष 2021-22 के अंतर्गत स्वीकृत ऋण प्रकरणों में हितग्राहियों का 7 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी)प्रशिक्षण 24 से 30 दिसम्बर 2021 तक पूर्वान्ह 11 बजे से प्रशिक्षण हाल, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, लोचन नगर, रायगढ़ में आयोजित किया जाएगा। योजनान्तर्गत स्वीकृत प्रकरणों में अनुदान राशि वितरण के पूर्व हितग्राहियों का उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी)प्रशिक्षण अनिवार्य है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ के मुख्य महाप्रबंधक ने समस्त हितग्राही 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से भाग लेने हेतु सुनिश्चित किया है।

### निर्वाचन क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को मतदान के लिए अवकाश प्रदान करने हेतु निर्देश जारी

**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन 2021 को संपन्न कराने के लिए 20 दिसम्बर 2021 को मतदान कराया जा रहा है। इस संबंध में कारखाना अधिनियम, 1948 तथा दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1958 के अंतर्गत आने वाले कारखानों/स्थापनाओं में कार्यरत उन श्रमिक/कर्मचारियों के लिए मतदान के दिन अर्थात 20 दिसम्बर सोमवार को राज्य शासन संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन दो-दो घंटे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते है, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देष दिए गए है।

### कोविड से मृत लोगों के वारिसानों को अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**रायगढ़ ।** छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा जारी आदेशानुसार रायगढ़ जिले में कोविड-19 कोरोना वायरस से मृत व्यक्तियों के परिजनों व आश्रितों को कलेक्टर रायगढ़ के अनुमोदन उपरांत संबंधित अनुविभाग के एसडीएम व तहसीलदार के प्रकरण पश्चात पात्र पाए गए 5 मृतकों के नजदीकी वारिसानों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कार्यालय, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील घरघोड़ा एवं तमनार अंतर्गत 5 व्यक्ति जो कोविड से मृत्यु पश्चात पात्र पाए गए इनमें ग्राम-बुडिया के दुर्योधन सिदार, तमनार के राजू बहिदार एवं सूरजमती बहिदार, मिलूपारा के नीलमणी पटेल एवं ललित कुमार शुक्ला शामिल है।

### पानी में डूबने से मृत्यु होने पर सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** तहसील खरसिया के ग्राम-देहजरी निवासी दलबीर सिंह की 4 नवम्बर 2019 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर एसडीएम खरसिया द्वारा मृतक की पत्नी गुरबारी बाई को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### वर्ष 2022 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी भीम सिंह ने कैलेण्डर वर्ष 2022 के लिए रायगढ़ जिले में संपूर्ण दिवस के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जिसके तहत 01 जुलाई 2022 शुक्रवार-रथयात्रा, 25 अक्टूबर 2022 मंगलवार-दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) एवं 4 नवम्बर 2022 शुक्रवार देवउठनी एकादशी व्रत शामिल है। उक्त अवकाश कोषालय, उप कोषालय एवं बैंकों के लिए लागू नहीं होगा।

### ईनामी नक्सलियों के नाम पर बनाये गये 3 नक्सली स्मारक ध्वस्त

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के गोण्डेरास में नक्सल उन्मूलन अभियान पर निकले डीआरजी के जवानों ने नक्सलियों द्वारा बनाये गए तीन नक्सली स्मारकों को ध्वस्त कर दिया है। ध्वस्त किये गये 03 नक्सली स्मारकों में 01 नक्सली स्मारक लकड़ी से निर्मित था, वहीं अन्य 02 ईट-सिमेंट से बनाया गया थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ने ध्वस्त नक्सली स्मारकों में 10 लाख रुपये के इनामी नक्सलियों के डिविजनल कमेटी सदस्य विनोद और 05 लाख रुपये के इनामी नक्सली कमांडर गुण्डाधुर के नाम पर बनाया गया था। डिविजनल कमेटी सदस्य विनोद की मौत वर्ष 2021 में गम्भीर बीमारी की वजह से हुई थी, वहीं नक्सली कमांडर गुण्डाधुर को वर्ष 2019 में सुकमा पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया था।

# महिलाओं के हाथ सारंगढ़ नगरीय निकाय निर्वाचन की कमान

## पीठासीन अधिकारी सहित मतदान दल की सभी जिम्मेदारियां संभालेंगी महिलाएं

**» कलेक्टर भीम सिंह ने प्रशिक्षण ले रही महिलाओं का बढ़ाया हौसला**





**रायगढ़ ।** सारंगढ़ नगरीय निकाय निर्वाचन की कमान इस बार महिलाओं के हाथ में है। मतदान दल में पीठासीन व अन्य अधिकारी की जिम्मेदारी महिलाओं की टीम संभालेगी। यह एक ऐतिहासिक कदम है। इसके लिए सभी चयनित महिला अधिकारी-कर्मचारियों को बहुत शुभकामनाएं। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज सारंगढ़ नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए चल रही तैयारियों के निरीक्षण के दौरान कही। कलेक्टर सिंह आज मतदान दलों की ट्रेनिंग का जायजा लेने पहुंचे थे। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा व सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल भी निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे।

मालूम हो कि इस बार कलेक्टर भीम सिंह के निर्देश पर सारंगढ़ नगरीय निकाय निर्वाचन के सभी 15 वार्डों के लिए तैयार 24 मतदान केन्द्रों में चुनाव संचालन की जिम्मेदारी महिलाओं के टीम को दी गई है। जिसमें पीठासीन अधिकारी के साथ मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 व 3 की जिम्मेदारी का निर्वहन महिला अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए विशेष तैयारी की गई है।

कलेक्टर सिंह ने इसी संबंध में गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल सारंगढ़ में चल रहे ट्रेनिंग प्रोग्राम के निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने प्रशिक्षणरत महिलाओं से इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को दिए जाने के संबंध में उनसे चर्चा की। महिलाओं ने एक स्वर में उत्साह से कहा कि यह ऐतिहासिक पहल है जिसको लेकर हम सभी अत्यंत उत्साहित है तथा अपनी जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाने पूरी तरीके से तैयार है। कलेक्टर सिंह ने इस दौरान मतदान दल के विभिन्न अधिकारियों की भूमिका व उसके कार्य के संबंध में महिलाओं से जानकारी ली। उन्होंने सभी से कहा कि पूरे आत्मविश्वास के साथ यह चुनाव आपको संपन्न कराना है। प्रशिक्षण के दौरान अपनी भूमिका को लेकर किसी भी प्रकार के सवाल या शंका हो तो ट्रेनर से पूरी जानकारी लें। जिससे चुनाव संचालन में आपको किसी प्रकार की समस्या न हो। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पाण्डेय ने प्रशिक्षण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सभी महिलाएं निर्वाचन के लिए दी गई भूमिकाओं को लेकर पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण ले रही है।

ट्रेनर्स द्वारा उन्हें सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी देकर मॉक पोलिंग व अन्य गतिविधियों का ट्रायल करवाया जा रहा है। जिससे वे अपने कार्य को लेकर पूरी तरीके से ट्रेन हो जाए। इस दौरान एसडीएम सारंगढ़ नंदकुमार चौबे, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य, डीएमसी आर.के.देवांगन, सीईओ जनपद पंचायत अभिषेक बनर्जी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**मतदान दल में शामिल होंगी 108 महिलाएं**

उल्लेखनीय है कि सारंगढ़ के 15 वार्डो में नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु 24 मतदान केन्द्र बनाए गए है। जिसके लिए 24 मतदान टीम सहित 10 प्रतिशत आरक्षित टीम बनायी गई है। इन टीमों में पीठासीन अधिकारी सहित मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 व 3 की जिम्मेदारी महिलाओं को दी गई है। इसके लिए शिक्षा, राजस्व, जनपद, महिला बाल विकास समेत अन्य विभागों से कुल 108 महिलाओं का चयन किया गया है।

## विकासखण्ड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता संपन्न



**रायगढ़ ।** विकासखण्ड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन आज रायगढ़ स्टेडियम, बोईरदादर में किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत 05 खेलों तीरंदाजी, एथलेटिक, कबड्डी, रस्साकसी, व्हालीबॉल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 210 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।

खेल प्रतियोगिता अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम-शा.उ.मा.वि. तारापुर, द्वितीय-शा.उ.मा.वि. लोइंग, रस्साकसी में प्रथम-शा.उ.मा.वि. पतरापाली एवं द्वितीय-कार्मेल उ.मा.वि. रायगढ़, एथेलटिक्स 100 मी.में प्रथम-उमा चौहान, द्वितीय-दीक्षा मिर्धा, 200मी. में प्रथम-अनिषा चौहान, द्वितीय-प्रिया सिदार, 400मी. में प्रथम- उमा चौहान, द्वितीय-नीलम, 800मी.में प्रथम-अमृता मिंज, द्वितीय-अनिषा, 1500मी. में प्रथम-उमा चौहान एवं द्वितीय-विशाखा, 3000मी. में प्रथम-विशाखा चेजारा, लंबी कूद प्रथम- प्रिया सिदार, द्वितीय-दीक्षा मिर्धा, गोला फेंक में प्रथम-नीलम, द्वितीय-निकिता गुप्ता, 4×100 मी. रिले में प्रथम - लवली, दीक्षा, कुंति, सुमन, 4×400 मी. रिले प्रथम-अमृता, अनिशा, दिप्ती, विशाखा रहे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रायगढ़ के सहायक संचालक ने बताया कि विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के पश्चात विजेता खिलाड़ियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

## ओड़िसा-छत्तीसगढ़ के 7 जिलों के एसपी की हुई ज्वाइंट मीटिंग

**» गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों के अवैध परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही करने की गई चर्चा**



**रायगढ़।** पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा के निर्देशन पर आज दिनांक 15.12.2021 को पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा द्वारा ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा से लगे जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ वर्चुअल मीटिंग का आयोजन किया गया।

एसपी अभिषेक मीणा की पहल पर मीटिंग में ओड़िसा के सुन्दरगढ़, बरगढ़, नुवापाड़ा, झारसुगुड़ा, महासमुंद एवं जशपुर जिले के पुलिस अधीक्षक ऑनलाइन जुड़े।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा डीजीपी महोदय द्वारा मीटिंग आहूत करने के उद्देश्य को बताते हुए चर्चा प्रारंभ किया गया। मीटिंग में प्रमुखतः ओडिशा से आने वाले अवैध गांजे पर रोक लगाने तथा आपसी समन्वय बनाने को लेकर चर्चा किया गया।

मीटिंग पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा सभी जिलों में पृथक से नोडल अधिकारी की नियुक्ति, प्रमुख चेक पोस्ट/बेरियर पर वाहनों की संयुक्त रूप से जांच तथा गांजे के अवैध कारोबार में लगे आरोपियों की पतासाजी, महत्वपूर्ण सूचनाओं के शीघ्र अदान-प्रदान, गंभीर मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी में एक दूसरे जिलों के स्टाफ का सहयोग करने आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। मीटिंग में कई और महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर पुलिस अधीक्षकों के सुझाव आये जिस पर सभी की सहमति बनी तथा भविष्य में अन्य एजेसियों को भी अवैध मादक पदार्थों को रोकने शामिल किये जाने की बात पर चर्चा किये। पुलिस अधीक्षक मीणा द्वारा वर्तमान में प्रदेश में हो रही धान खरीदी पर ओड़िशा से आने वाले अवैध धान के आवक पर रोक लगाने ओडिशा पुलिस से भी कार्यवाही करने का आग्रह किया गया। मीटिंग में एडिशनल एसपी रायगढ़ लखन पटले तथा सीएसपी रायगढ़ योगेश कुमार पटेल सम्मिलित रहे।

## ओडिशा से सेंट्रो कार में गांजे लाते दो आरोपी गिरफ्तार

**» कार से करीब 11 किलो गांजा बरामद, कार जब्त**



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटले, एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर सप्ताह के भीतर थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले के नेतृत्व में गांजा के अवैध परिवहन पर दूसरी बड़ी कार्यवाही किया गया है।

ज्ञात हो कि दिनांक 12.12.2021 को टिमरलगा बेरियर पास तिराहा पर पिकअप वाहन में टमाटर कैरेट के नीचे गांजा छिपाकर ले जाते एक आरोपी को 48 किलो गांजा के साथ पकड़ा गया था। आज भी टीआई विवेक पाटले के मुखबिर द्वारा दी गई सटिक सूचना पर सेंट्रो कार में की जा रही तस्करी को विफल किया गया है।

आज दिनांक 15/12/2021 के दोपहर थाना प्रभारी सारंगढ़ को मुखबिर से सूचना मिली कि एक स्लेटी रंग यूपी पासिंग सेंट्रो कार में उड़ीसा से गांजा लेकर दो तस्कर सारंगढ़ की ओर निकले हैं जिस पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल स्टाफ के साथ ग्राम कुधरी सूरज ढाबा सामने बिलासपुर मेन रोड़ पर नाकेबंदी किया गया। इसी दरमियान शाम करीब 04:00 बजे उड़ीसा से आ सेंट्रो कार यूपी 27 सी-2050 को रोका गया। स्टाफ एवं थाना प्रभारी विवेक पाटले द्वारा कार की बारीकी से तलाशी लेने पर सीट के नीचे एक पेटी नुमा बॉक्स बना हुआ था जिसे ढक्कन लगाकर बोल्ट से कसा गया था। टीआई विवेक पाटले गवाहों के समक्ष बाक्स को खुलवा कर चेक करने पर 8 पैकेट गांजा का बंडल वजन करीब 10 किलो 800 ग्राम कीमती ?1,10,000 का पाया गया। पूछताछ में चालक एवं उसका साथी अपना नाम राजू सरकार और सपना देवनाथ निवासी उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) का होना और गांजा को बरगढ़ ओडिशा से लेकर आना बताए। दोनों आरोपी 1- राजू सरकार पिता रवि सरकार उम्र 34 वर्ष 2- सपना देवनाथ पिता मनोहर देवनाथ उम्र 36 वर्ष दोनों निवासी निवासी मुखर्जीनगर रुद्रपुर थाना रुद्रपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड से सेंट्रो कार कीमती 3,00,000 तथा 10 किलो 800 ग्राम गांजा कीमती की जप्ती कर आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही की गई है।

थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक विवेक पाटले के साथ कार्यवाही में प्रधान आरक्षक धनेश्वर उरांव, श्याम दास महंत, आरक्षक जगजीवन खुंटे, मुकेश चन्द्रा की विशेष भूमिका रही है।

## 8 माह से लापता वृद्ध महिला को परिजनों से मिलाया सखी वन स्टॉप सेंटर ने




**रायगढ़ ।** जिला चिकित्सालय रायगढ़ के माध्यम से सखी वन स्टॉप सेंटर रायगढ़ में वृद्ध महिला के परिजनों की पतासाजी हेतु आवेदन प्राप्त हुआ था। सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा तत्काल निराश्रित महिला को फिमेल सर्जिकल वार्ड में जाकर वृद्ध महिला की स्थिति की जानकारी ली गई। वृद्ध महिला से बातचीत कर परिजनों की पूर्ण जानकारी लेते हुए संबंधित क्षेत्र बलौदाबाजार सखी वन स्टॉप सेंटर से संपर्क कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन के सहयोग से परिजनों की पतासाजी की गई। परिजनों को सूचना मिलते ही परिजन सखी सेंटर रायगढ़ में उपस्थित हुए। बताया गया कि उक्त महिला 8 माह से लापता थी जिसका पतासाजी किया जा रहा था, परंतु कहीं पता नहीं चला था। वृद्ध महिला के परिजनों को महिला संरक्षण अधिकारी व सखी सेंटर रायगढ़ द्वारा वृद्ध महिला का उचित इलाज का सलाह देते हुए वृद्ध महिला को परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों को अपनी खुशी व्यक्त करते हुए आभार प्रकट किया गया।

## आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न स्वास्थ्य गतिविधियों में छत्तीसगढ़ को मिला पहला स्थान

**» हेल्थ आईडी कार्ड बनाने में रायगढ़ देश में रहा चौथे पायदान पर**



**रायगढ़ ।** देश में आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन हुआ। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत एनसीडी स्क्रीनिंग व वेलनेस एक्टीविटी तथा हेल्थ आईडी कार्ड बनाने में छत्तीसगढ़ प्रदेश को पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। हेल्थ आईडीकार्ड बनाने में जिला रायगढ़ ने राज्य में शत-प्रतिशत कार्य करते हुए पूरे देश में चौथा स्थान हासिल किया है।

कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी द्वारा जिला स्तर में अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग रायगढ़ के समस्त विकासखंडो में योगा शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण सेवाएं, निःशुल्क दवाएं वितरण, रक्तदान शिविर के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रत्येक कार्यक्रम की जानकारी जनता के लिये विभिन्न शिविर का आयोजन लाभ लेने हेतु प्रचार-प्रसार किया गया।

जिसमें एनसीडी स्क्रीनिंग हेतु 23 हजार 760 का लक्ष्य था, जिसमें जिला रायगढ़ ने राज्य के दिये गये लक्ष्य के अनुरूप 34 हजार 329 एनसीडी स्क्रीनिंग करते हुए 144 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति की उपलब्धि हासिल की। इसी तरह 4 हजार हेल्थ आईडी कार्ड बनाने के मिले लक्ष्य की भी शत-प्रतिशत पूरा किया गया।

**सभी से हेल्थ आईडी कार्ड बनवाने की अपील-** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी नागरिकों के हेल्थ आईडी कार्ड बनाये जाने है। इसके लिए वे अपने नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र में अपना आधार कार्ड के साथ स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से संपर्क कर सकते है। जिससे स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा उनका आधार कार्ड तत्काल बनाया जाएगा।

## अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर करें कार्यवाही-कलेक्टर भीम सिंह

**» कलेक्टर सिंह ने ली खनिज विभाग की समीक्षा बैठक**



**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने खनिज विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने खनिज विभाग के कार्यो की बिंदुवार समीक्षा की।

उन्होंने जिले के विभिन्न वन क्षेत्रों से लगे हुए खनन क्षेत्रों में अवैध परिवहन के लिए फारेस्ट गार्ड के माध्यम से निगरानी करने के लिए निर्देशित किया। जिससे इन क्षेत्रों में होने वाले अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाया जा सके। इस दौरान उन्होंने उप संचालक खनिज बी.के.चंद्राकर से किए गए कार्यवाही की जानकारी ली। जिस पर कलेक्टर सिंह ने कहा कि सभी संबंधित विभाग समन्वय बना कर कार्यवाही करें।

कलेक्टर सिंह ने प्रदूषण नियंत्रण के मद्देनजर बिना तालपत्री ढके खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही ओवर लोडिंग वाले वाहनों पर भी लगातार कार्यवाही करने के लिए कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि खनन से डपिंग क्षेत्र में जाने वाले रूट पर निगरानी कर कार्यवाही करें। जिससे होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने खनिज जांच चौकियों में बिना रॉल्यटी पर्ची वाले वाहनों को चेक करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने समय-समय पर बेरियर कर्मचारियों की ड्यूटी में रोटेशन के निर्देश दिए। इस दौरान धरमजयगढ़ डीएफओ मणिवासगन एस, एसडीएम युगल किशोर उर्वशा, खनिज एवं फारेस्ट विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480